दिनांक 27.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई के प्रभारी अधिकारी आवासीय व्यवसायिक योजना द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई के आम्रपाली हाऊसिंग बोर्ड में आवास आबंटन हेतु प्रथम किश्त की राशि 5 हजार रुपये जमा किये गये हितग्राहियों का 28 मार्च 2018 को प्रातः 11 बजे मुख्य कार्यालय के सभागार में लॉटरी प्रक्रिया द्वारा आवास आबंटन किया जावेगा। कृपया हितग्राही अपने साथ जारी लॉटरी सूचना पत्र, 5 हजार रुपये जमा रसीद, आधार कार्ड एवं परिवार में यदि कोई दिव्यांगजन हो तो विकलांग प्रमाण–पत्र आवश्यक रुप से लेकर स्वयं उपस्थित होवें। आवेदकगणों को निगम भिलाई द्वारा सूचना पत्र जारी किया गया है, फिर भी अपरिहार्य कारण से पात्र आवेदक जिनके द्वारा प्रथम किश्त की राशि 5 हजार रुपये निगम कोष में जमा कर दिया गया है जिन्हे सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है वे भी निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर आवास आबंटन लॉटरी में हिस्सा लेंवे।

जनसम्पर्क अधिकारी